संस्कृत दिवस समारोह सोल्लास सम्पन्न

डी.ए.वी पब्लिक स्कूल, सैक्टर-14 फरीदाबाद (हरियाणा) में दिनांक 25 अगस्त 2015 मंगलवार को संस्कृत दिवस का भव्य रूप में आयोजन किया गया। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में छात्रों से भरे मैदान में कक्षा नवमी के लगभग 40 बच्चों ने बड़े उल्लास से संस्कृत भाषा में विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस कार्यक्रम में वेद मन्त्रों का अर्थ सहित पाठ, संस्कृत में समाचार, देश भक्ति के श्लोकों का गायन, संस्कृत के विषय में ज्ञान वर्धक जानकारियाँ, संस्कृत में लघु नाटिका और शास्त्रीय नृत्य बड़े भव्य ढंग से प्रस्तुत किए गए। छात्रों का उल्लास व साहस देखकर सभी चकित हुए और सबने बड़े उत्साह से छात्रों का अभिनन्दन किया।

अन्त में संस्कृत भाषा का गुणगान करते हुए प्राचार्य श्री एस.एस.चौधरी जी ने इसे विश्व भाषा की गरिमा प्रदान की और छात्रों से अधिकाधिक संस्कृत सीखने की अपील की। उन्होने अच्छे प्रदर्शन हेतु बच्चों को अपना आशीर्वाद भी दिया।

हरि ओउम् शास्त्री